हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, सोमवार, 1 दिसंबर 2025

11 मॉडिफाइड साइलेंसर और नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई

12 गीता महोत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम...






**खबर संक्षेप**

### 20.43 ग्राम हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने गांव ताजिया खेड़ा क्षेत्र से एक युवक को 20 ग्राम 43 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। एवीबीटी स्टाफ सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर गुरमेश ने बताया कि एवीबीटी स्टाफ सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव ताजिया खेड़ा की ओर जा रही थी। पुलिस पार्टी जब गांव ताजिया खेड़ा मोड़ पर पंहुची तो गांव के मोड़ पर एक युवक बैठा दिखाई दिया। उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वहां से खड़ा होकर भागने का प्रयास किया।

### घर से नरमा चुराने का आरोपी दबोचा

**सिरसा।** रोड़ी थाना पुलिस ने गांव फग्गू स्थित एक मकान से 60 किलो नरमा चोरी करने के आरोपी को काबू किया है। रोड़ी थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि गांव फग्गू निवासी कुलविंदर सिंह पुत्र आजायब सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात्रि के समय अज्ञात युवक घर में घुसकर करीब 60 किलो नरमा चोरी करके ले गए थे। उन्होने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर पर रोड़ी थाना में चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### नशे से मौत मामले में वांछित गिरफ्तार

**डबवाली।** पुलिस ने नशे के अधिक सेवन से हुई मौत के मामले में वांछित आरोपी कुलदीप निवासी दादू को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी उप निरीक्षक चंदन सिंह ने बताया कि बीती 30 अक्टूबर को थाना में प्राप्त शिकायत में शिकायतकर्ता ने बताया कि 30 अक्टूबर को उसका पिता घर से किसी काम के लिए निकला था मगर शाम 05 बजे उसे खबर मिली कि उसके पिता की मादक पदार्थ के अधिक सेवन से मौत हो गई है।

### हेरोइन सहित एक युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए रतिया टीम ने नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए एक युवक को हेरोइन सहित काबू किया है। टीम द्वारा मौके पर की गई त्वरित कार्रवाई में आरोपी को पकड़ा गया और उसके पास से बरामद हेरोइन को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया गया है। सीआईए रतिया प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रिछपाल के अनुसार एएसआई रघुबीर सिंह अपनी टीम के साथ अपराध रोकथाम हेतु गांव अलालवास बस अड्डा क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान कार्रवाई की गई।

### नशा तस्करी में पुलिस ने छठा आरोपी दबोचा

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के एक मामले में थाना सदर टोहाना पुलिस ने छठे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान सुखनीत उर्फ टिम्मी पुत्र गुरदीप सिंह, निवासी गांव फुल्लनवाला, थाना मोतीनगर, लुधियाना के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में पांच अन्य आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड देखने पर ज्ञात हुआ कि वह आदतन अपराधी है और उस पर थाना सदर टोहाना में पहले से एनडीपीएस एक्ट के तहत दो मुकदमे दर्ज हैं।

### चोरी के दो मामलों का बैल जंपर दबोचा

**डबवाली।** डबवाली पुलिस के पी.ओ.स्टाफ ने चोरी के दो मामलों में बेल जंपर को देसूमलकाना से दबोचा है। इस सिलसिले में पी.ओ. स्टाफ प्रभारी इंस्पेक्टर रणधीर सिंह ने बताया कि आरोपी बेल जंपर की पहचान धरविंद्र निवासी देसू मलकाना जिला सिरसा के रूप में हुई है। आरोपी धरविंद्र इससे पहले अदालत से थाना कालांवाली व थाना शहर डबवाली में दर्ज मामलों में बेल जंपर घोषित था। अब आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और अदालत में पेश किया जाएगा।

## सुपर सकर मशीन से पाइपलाइन में कचरे को निकाला जा रहा

# शहर में 60 साल पुरानी सीवरेज लाइन की सफाई शुरू, 1.12 करोड़ का टेंडर जारी

- पार्षद सुभाष नायक की भूख हड़ताल और लोगों की शिकायतों के बाद प्रशासन सक्रिय

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद**

दशकों पुरानी सीवरेज प्रणाली सुधारने के लिए फतेहाबाद शहर में जनस्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। शहर में करीब 60 साल पहले सीवरेज पानी निकासी को लेकर डाली गई 12 ईंची पाइप लाइन की सफाई को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग ने टेंडर जारी कर दिया है। यमुनानगर की अमरदीप एंड कम्पनी को यह ठेका 1 करोड़ 12 लाख रुपये में दिया गया है। कम्पनी 6 महीने में पूरे शहर की सीवरेज पाइप लाइन को सुपर सकर मशीन से डीसिल्टिंग यानि पाइप लाइन से गाद या अन्य फंसे कचरे को बाहर निकालने का कार्य करेगी। उसके बाद शहर में सीवरेज के मेनहोल ओवरफ्लो व मुख्य बाजारों में सीवरेज पाइपलाइन लीकेज की समस्या नहीं रहेगी।

सीवरेज के ओवरफ्लो की समस्या से अब तक अशोक नगर से माजरा रोड, ब्रह्मकुमारी आश्रम रोड से लेकर भूना रोड क्रॉसिंग क्षेत्र की आबादी सबसे ज्यादा त्रस्त है। इस समस्या को लेकर पिछले दिनों अनेक लोग विधानसभा उपाध्यक्ष कृष्ण मिढ़ा से भी मिले थे। अशोक नगर के पार्षद सुभाष नायक इसी मुद्दे को लेकर दो बार भूख हड़ताल पर बैठ चुके हैं। डीएमसी अनुराग ढालिया व अन्य अधिकारियों के आश्वासन के बाद अब यहां काम शुरू करवाया गया है। इन दिनों अशोक नगर स्थित ब्रह्मकुमारी आश्रम क्षेत्र में पिछले दो वर्षों से सीवरेज ब्लाकेज की समस्या के समाधान के लिए जनस्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। यहां सीवरेज लाइन की सफाई कार्य का शुभारंभ किया गया। अशोक नगर क्षेत्र में सीवर जाम की समस्या को दूर करने के लिए पब्लिक हेल्थ की टीम द्वारा सुपर सकर मशीन की मदद से बड़े पैमाने पर सीवर लाइन डीसिल्टिंग कार्य शुरू किया गया। टीम द्वारा मुख्य गलियों और पुरानी सीवर पाइप लाइनों में जमा मिट्टी, कचरा और स्लज को हाई-प्रेशर सक्शन तकनीक से निकाला गया।





**फतेहाबाद।** अशोक नगर में सीवरेज लाइन की सफाई करती सुपर सकर मशीन व अशोक नगर से फाइव एकड़ को जाने वाली सडक़ पर फैली सीवरेज की गंदगी। फोटो : हरिभूमि

### रोजाना 10 किमी लाइन की सफाई की जा रही

सफाई कार्य की निगरानी करने वाले अभियता ने बताया कि मशीनों की मदद से रोजाना 10 किलोमीटर लाइन की सफाई की जा रही है। विभाग द्वारा शहरभर में सीवरेज लाइनों की सफाई के लिए टेंडर जारी कर दिया है। 12 ईंची से अधिक की सभी पाइप लाइनों की सफाई की जाएगी और यह काम 6 महीने में पूरा कर लिया जाएगा।

### लोगों को राहत

अशोक नगर निवासी सुशील, मनोज व संजय आदि ने कहा हमने कई बार गुहार लगाई कि सीवरेज लाइन की पूरी सफाई की जाए। सडक़ पर गंदा पानी भर जाता था। पार्षद सुभाष नायक ने बताया कि इसके लिए कार्यालय में धरना तक देना पड़ा था। अब समाधान होने के बाद राहत मिलेगी।

### 12 ईंच से बड़ी सीवरेज लाइनों की सफाई करवाई जाएगी

*शहर में सीवरेज की ओवरफ्लो की समस्या को खत्म करने के लिए पाइप लाइनों की सुपर सकर मशीन से सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। पिछले काफी समय से प्रयास था कि इसका समाधान किया जाए लेकिन मुख्यालय की लेट-लतीफी के चलते अब इसका टेंडर पास हो चुका है। शहर में 12 ईंच से बड़ी सीवरेज लाइनों की सफाई करवाई जाएगी। इस काम में 6 महीने का समय लगेगा।*

*-सतपाल रोज, एसडीओ पब्लिक हैल्थ फतेहाबाद*

## खेड़ी माइनर टूटने से गेहूं और सरसों की फसल जलमग्न

- दस दिन बाद फिर माइनर टूटने से किसानों में विभाग के खिलाफ रोष



**सिरसा।** जेसीबी की सहायता से माइनर को ठीक करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**चोपटा।** क्षेत्र के गांव कुम्हारिया और खेड़ी के बीच खेड़ी माइनर दस दिन बाद रविवार तडक़े फिर टूट गई। सूचना मिलने पर सुबह सिंचाई विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और माइनर को पाटा गया। नहर टूटने से साथ लगे किसानों की हाल ही में बिजी गई गेहूं व सरसों की फसल को काफी नुकसान होने का अनुमान है। वही नहर टूटने से किसानों में सिंचाई विभाग के खिलाफ रोष है। ग्रामीण अनिल कुमार, सुरेंद्र और राज कुमार ने बताया कि खेड़ी माइनर अचानक से टूट गई। नहर टूटने से राज कुमार की 3 एकड़ में गेहूं की फसल, सुनील कुमार की 3 एकड़ में सरसों की फसल, पृथवी सिंह की 3 एकड़ में सरसों की फसल डूब गई। उन्होंने बताया कि जैसे ही खेतों में पानी भरना शुरू हुआ, ग्रामीणों ने तुरंत सिंचाई विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिंचाई विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। किसानों बताया कि इसी स्थान पर नहर दस दिन पहले टूटी थी। किसानों का कहना है कि अंतिम छोर पर पडने के कारण सिंचाई के लिए पानी तो हमेशा ही कम पहुंचता है और बार-बार नहर टूटने पर जहां एक ओर फसलें खराब हो जाती हैं वहीं आगे खेतों में पानी नहीं पहुंच पाता। बाद में जेसीबी मशीन की सहायता से नहर की दरार को भरने का कार्य शुरू किया गया, जो करीब तीन घंटे की मेहनत के बाद पूरा हुआ। किसानों ने बताया कि खेड़ी माइनर नहर का यह हिस्सा नहर का अंतिम छोर है, पानी का दबाव भी कम होता है। सिंचाई विभाग के कनिष्ठ अभियंता मनजीत बैनीवाल ने बताया कि कुम्हारिया और गांव खेड़ी के बीच खेतों में खेड़ी माइनर नहर टूटने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही सिंचाई विभाग द्वारा मौके पर जाकर नहर की दरार को पाटने का काम शुरू कर दिया गया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद जेसीबी की सहायता से नहर के लीकेज को रोक दिया गया। और फिलहाल सिंचाई पानी की आपूर्ति फिर से बहाल कर दी गई है। नहर का यह हिस्सा अभी कच्चा है ओर अंतिम छोर पर कचरा ज्यादा हो जाता है जिससे नहर टूट जाती है, इस कच्चे हिस्से को पक्का करवाया जाएगा।

## भाखड़ा नहर पुनर्निर्माण कार्य में गड़बड़ी का आरोप, सरकार से निष्पक्ष जांच की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना**

नहरी विभाग द्वारा शुरू किए भाखड़ा नहर निर्माण कार्य में शहर के लोगों द्वारा भ्रष्टाचार किए जाने के आरोप लगा वीडियो वायरल कर दी हैं। शहर के अनेक लोगों ने सरकार व प्रशासन से कार्य ठीक तरीके से कराने और पूरे कार्य की एसीबी से जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस मामले में लापरवाही करने वाले ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। पवन बंसल ने वीडियो वायरल करते हुए कहा कि सरकार द्वारा करीब 60 करोड़ रुपये की लागत से भाखड़ा मुख्य ब्रांच का पुनः निर्माण और लाइनिंग कार्य किया जा रहा है लेकिन अधिकारियों द्वारा इसकी सही तरीके से निगरानी नहीं की जा रही जिससे ठेकेदार अपनी मनमानी करके मिट्टी पर मसाला डाल रहे हैं। इस काम की उच्च अधिकारियों की टीम निगरानी करने आती है लेकिन खानापूर्ति करके चली जाती है। काम को करने वाले ठेकेदार द्वारा लगाई बजरी बाहर से दिख रही है जो जल्द ही उखड़ जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले इंजिनियर कंवरसेन गुप्ता द्वारा बनाई नहर करीबन 70 साल तक चल गई थी लेकिन अब जो सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है वह ज्यादा दिन नहीं चलेगी। अन्य शहरवासी राजीव, विनोद, रमेश व विकास ने भी निमार्ण में नियमों की अवहेलना करने की बात कही है।



**टोहाना।** भाखड़ा नहर में लाइनिंग का कार्य होने के बाद दिख रही बजरी।

*नशा तस्करों, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना उद्देश्य*

## रतिया क्षेत्र में रविवार को पुलिस ने चलाया सघन तलाशी अभियान, घर-घर जाकर ली तलाशी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया**

जिला पुलिस ने नशे के खिलाफ अपनी मुहिम को और तेज करते हुए रतिया क्षेत्र में एक व्यापक व सघन तलाशी अभियान संचालित किया। ऑपरेशन जीवन ज्योति के अंतर्गत चलाए गए इस विशेष अभियान का उद्देश्य नशा तस्करों, अवैध गतिविधियों और संदिग्ध तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाना था। अभियान का नेतृत्व थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह द्वारा किया गया। रविवार तडक़े पुलिस टीमों ने गांव रत्ताखेड़ा, थाना शहर रतिया क्षेत्र व नलका ढाणी पुलिस चौकी कुलां में विशेष रूप से फोकस कर रणनीतिक तलाशी व गश्त संचालन किया। डॉग स्क्वाड, कमांडो यूनिट व स्थानीय पुलिस बल के संयुक्त सहयोग से क्षेत्रों में घर-घर पूछताछ, रास्तों, चौपालों, खेतों की तरफ जाने वाले ट्रैक मार्गों व ढाणियों में संदिग्ध हिलचलों की खोजबीन की गई।



रतिया। तलाशी अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी।

### डॉग स्क्वाड से की जांच

रत्ताखेड़ा क्षेत्र में पुलिस की तैनाती और डॉग स्क्वाड की गहन जांच ने संदिग्ध व्यक्तियों में खलबली मचा दी, वहीं, थाना शहर रतिया क्षेत्र में मुख्य गलियों, चौकों और सुनसान स्थानों पर कड़ी चेकिंग से नशे के अवैध कारोबार पर बड़ा दबाव बना। नलका ढाणी पुलिस चौकी कुल्ला में पुलिस टीमों ने सुबह से दोपहर तक लगातार सघन निरीक्षण कर वातावरण को सुरक्षित बनाया। अभियान के दौरान कई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई, मोटरसाइकिलों व चारपहिया वाहनों की जांच की गई और कुछ स्थानों पर संभावित अपराधी गतिविधियों को रोकने हेतु चौकसी बढ़ाई गई।

## 'तनाव से शक्ति की ओर' विषय पर शिक्षक विकास कार्यक्रम

- मनोहर मैमोरियल कॉलेज में शिक्षक सशक्तिकरण पर विशेष कार्यशाला का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद**

मनोहर मैमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, फतेहाबाद में कॉलेज की शोध समिति द्वारा 'तनाव से शक्ति की ओर - स्वस्थ कार्यस्थल हेतु शिक्षकों का सशक्तिकरण' विषय पर एक दिवसीय शिक्षक विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को कार्यस्थल के तनाव से मुक्ति दिलाना, मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना और उनके व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक विकास को नई दिशा प्रदान करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. रविन्दर पुरी, मनोवैज्ञानिक व सेवानिवृत्त प्राचार्य, राजकीय महिला महाविद्यालय, रतिया रहे। उन्होंने अपने प्रेरक संबोधन में शिक्षक के लिए आवश्यक गुणों पर विस्तार से विचार प्रकट किए। डॉ. रविन्दर पुरी ने कहा कि एक शिक्षक को अपने विषय पर गहरी पकड़, शोध-सम्बंधित ज्ञान, समाज के प्रति सकारात्मक योगदान और सर्वांगीण व्यक्तिगत विकास जैसे चारों पहलुओं पर निरंतर कार्य करना चाहिए। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि शिक्षक की छवि उसके वास्तविक व्यक्तित्व से अधिक प्रभावशाली होती है, इसलिए अपनी छवि को निखारना प्रत्येक शिक्षक की प्रथम जिम्मेदारी है। डॉ. पुरी ने अपने विचारों को रोचक वैज्ञानिक अवधारणाओं जैसे गुप्त सीख, मस्तिष्क का लचीलापन, नयी कोशिका-निर्मिति और शरीर की आत्म-स्वच्छता प्रक्रिया इत्यादि के माध्यम द्व से समझाया।



**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शिक्षकों को संबोधित करते मुख्य वक्ता।

### प्रश्न-उत्तर का सत्र रहा आकर्षण

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण प्रश्न-उत्तर सत्र रहा, जिसमें शिक्षकों ने अवचेतन मन, तनाव मुक्ति अभ्यास, भावनात्मक संतुलन और मानसिक लचीलापन जैसे विषयों पर खुलकर प्रश्न पूछे। डॉ. पुरी ने सभी प्रश्नों का सरल और व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किया तथा तनाव कम करने हेतु सहज श्वसन और विश्राम तकनीकों का अभ्यास भी करवाया। शोध समिति द्वारा आयोजित यह शिक्षक विकास कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद प्रस्ताव रखा गया और संस्था द्वारा भविष्य में भी ऐसे आत्म-विकास और मानसिक स्वास्थ्य आधारित कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

## गोशाला में धरना आठवें दिन की रहा जारी

**सिरसा।** श्री गोशाला के बाहर धरने पर बैठे शिवभक्तों का धरना रविवार को आठवें दिन में प्रवेश कर गया। रविवार को धरने को डेरा बाबा सोमनाथ के महंत बाबा सोमनाथ अपना समर्थन देने के लिए पहुंचे। उन्होंने धरने को धर्माचरण बताते हुए शिवलिंग को उसके स्थान पर स्थापित करने की भी बात कही। धरने पर बैठे शिवभक्त भवानी शंकर साहुवाला ने कहा कि तमाम लोग शिवलिंग को हटाए जाने की घटना का विरोध कर रहे हैं लेकिन यह अफसोस की बात है कि श्री गौशाला कमेटी के सदस्य उदासीन बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि क्या मनुष्य भगवान से भी बड़ा हो गया है? क्यों गौशाला प्रबंधन कमेटी के सदस्यों को भगवान से क्षमा मांगने में भी शर्म महसूस हो रही है? भवानी शंकर ने कहा कि गौशाला कमेटी के सदस्य भगवान भोलेनाथ के भक्तों की धार्मिक आस्थाओं को अपमानित कर रहे हैं, जो बेहद अनुचित है।

## जिला में माहभर चलेगा एड्स जागरुकता अभियान

- आज से शुरु होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

**सिरसा।** जिला में एक दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक दिसंबर से 31 दिसंबर तक गांवों और शहरों में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। सीएमओ डॉ. प्रमोद शर्मा ने बताया कि एचआईवी संक्रमण के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए इस बार व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। जिला स्तरीय कार्यक्रम लार्ड शिवा नर्सिंग कॉलेज में आयोजित होगा, जहां विशेषज्ञ युवाओं को एचआईवी/एड्स से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी देंगे। आईसीटीसी काउंसलर कमल निर्वाण ने बताया कि युवाओं में जागरुकता बढ़ाने के लिए जिला स्तर पर वाकथान रैली निकाली जाएगी। रैली सिविल अस्पताल से शुरू होकर लॉर्ड शिवा कॉलेज तक जाएगी। इसे प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन कुमार हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। जिले के विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थी बड़ी संख्या में भाग लेंगे, जिससे युवाओं तक जागरूकता संदेश प्रभावी रूप से पहुंच सकेगा। कार्यक्रम की विशेषता यह रहेगी कि अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज भजन कौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। वह खेल, स्वास्थ्य और एड्स जागरूकता से जुड़े प्रेरक संदेश देकर युवाओं को प्रोत्साहित करेंगी। उनके शामिल होने से कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी और उत्साह बढने की उम्मीद है।

**कार्यक्रम**

## शादी की तिथि तय होते ही पगड़ी पर बांधा जाता है पवित्र डोरा

# आधुनिक युग में भी जीवित है बिश्नोई समाज की अनोखी परंपरा

- प्रतिदिन एक गांठ खोलकर याद रखते हैं विवाह का दिन, डिजिटल युग में भी संस्कृति से जुड़ाव का प्रेरणादायक उदाहरण

**दलबीर सिंह ▶▶| भूना**

आधुनिकता और डिजिटल युग के इस दौर में भी बिश्नोई समाज अपनी सांस्कृतिक धरोहर और पुरातन मूल्यों को संजोए हुए है। समय भले ही बदल गया हो, लेकिन समाज की प्राचीन परंपराएं आज भी उतनी ही आस्था और सम्मान के साथ निभाई जाती हैं, जितनी वर्षों पहले निभाई जाती थीं। विवाह समारोह के दौरान निभाई जाने वाली 'डोरा बांधने' की परंपरा इसका जीवंत उदाहरण है, जो बिश्नोई समाज की सांस्कृतिक पहचान और पारिवारिक एकता का प्रतीक मानी जाती है।



**भूना।** नाढोड़ी गांव के काशीराम डारा ने 7 दिसंबर को निर्धारित विवाह को लेकर पगड़ी पर बांधा हुआ डोरा।

विवाह की तिथि तय होते ही यह परंपरा आरंभ होती है। शादी के शुभ मुहूर्त के अनुसार लडक़े और लडक़ी पक्ष की ओर से डोरा (पवित्र सूत का धागा) तैयार किया जाता है। इस डोरे को परिवार के सबसे वरिष्ठ सदस्य की पगड़ी पर बाँधा जाता है। बिश्नोई समाज में वरिष्ठ जनों का सम्मान सर्वोपरि माना जाता है, इसलिए डोरा बाँधने के लिए परिवार के सबसे बड़े व्यक्ति को चुना जाता है। यह न सिर्फ सम्मान का प्रतीक है बल्कि यह मान्यता भी है कि परिवार की जिम्मेदारी सबसे अनुभवी और सम्मानित सदस्य के कंधों पर अधिक दृढ़ता से टिकती है।

जिला परिषद फतेहाबाद की चेयरपर्सन सुमन सुभाष खिचड़ ने बताया कि विवाह समारोह के दौरान निभाई जाने वाली 'डोरा बांधने' की परंपरा इसका जीवंत उदाहरण है, जो बिश्नोई समाज की सांस्कृतिक पहचान और पारिवारिक एकता का प्रतीक मानी जाती है। यह प्रथा उन दिनों की निशानी है जब न कैलेंडर हाथ में होते थे, न मोबाइल पर तारीखें और रिमाइंडर। उस समय लोग शादी की तारीख याद रखने के लिए इस पवित्र धागे की गांठों का सहारा लेते थे। जैसे-जैसे गांठें खुलती जातीं, विवाह का दिन नजदीक आता जाता। जिस सुबह डोरे की अंतिम गांठ खुलती, उसी दिन विवाह का शुभारंभ होता था। समाज के वरिष्ठ नेता सुधीर धारनिया व सुधीर गोदारा ने बताया आज जब दुनिया मशीनों, तकनीक और डिजिटल कैलेंडर की ओर बढ़ चुकी है, तब भी बिश्नोई समाज अपनी सांस्कृतिक पहचान को जीवित रखे हुए है। यह परंपरा न केवल एक साधारण धार्मिक पद्धति है, बल्कि परिवार की एकजुटता, वरिष्ठों के सम्मान और सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ाव का मजबूत संदेश देती है।

### प्रतिदिन खोली जाती है एक गांठ

शादी के दिन तक इस डोरे में प्रतिदिन एक गांठ खोली जाती है। प्रत्येक गांठ विवाह के लिए शेष दिनों की गिनती का प्रतीक होती है। घर में प्रतिदिन प्रातःकालीन पूजा-अर्चना के बाद यह परंपरा ससम्मान निभाई जाती है। डोरा बांधे गए व्यक्ति के लिए शादी तक विशेष मान-सम्मान रखा जाता है और उन्हें प्रेम से स्वादिष्ट व्यंजन परोसे जाते हैं। परिवार के लोग उनकी सेवा, आदर और सत्कार में कोई कमी नहीं छोड़ते। इस दौरान घर में सकारात्मक ऊर्जा, उत्साह और धार्मिक वातावरण बना रहता है।

### परिवार में प्रेम व अनुशासन की भावना जागृत करती


नाढोड़ी पूर्व सरपंच कृष्ण कुमार धारनिया, गुरदयाल सिंह डेलू, काशीराम डारा, केसरा राम भांभू ने बताया कि डोरा बांधने की यह परंपरा परिवार में प्रेम और अनुशासन की भावना जागृत करती है। यह संदेश देती है कि बदलते समय में भी हमारी जड़ें और संस्कार हमें मजबूत बनाए रखते हैं। नयी पीढ़ी को अपनी संस्कृति और रीति-रिवाजों से जोड़ना ही किसी समाज की सबसे बड़ी पूंजी है, और बिश्नोई समाज इस दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। वास्तव में, ऐसी प्रथाएं ही भारतीय समाज की आत्मा हैं, जो पीढ़ियों को जोड़ने और परिवार में सम्मान, प्यार और एकता की सीख देने का काम करती हैं।



# विजय-फातिमा की गुस्ताख इश्क का नहीं चला जादू...

**मुंबई।** विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की मोहब्बत पर पानी फिरता दिख रहा है। ये बात हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि फिल्म 'गुस्ताख इश्क' शनिवार को भी बॉक्स ऑफिस पर बेदम साबित हुई। फिल्म जब रिलीज हुई, तो क्रिटिक्स ने इसकी कहानी और एक्टिंग की तारीफ की। हालांकि, इसका कमाई पर कोई असर नहीं दिख रहा है। फिल्म 'गुस्ताख इश्क' ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 50 लाख रुपए कमाए थे। 'गुस्ताख इश्क' के कुल कलेक्शन की बात करें, तो इसने दो दिनों में अभी तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 74 लाख रुपए कमाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।

लाइफ Style



# कीर्ति

## एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही मिलती है नींद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस और नेशनल अवॉर्ड जीत चुकीं कीर्ति सुरेश ने अब एक्टर्स के काम के घंटों पर नई बहस छेड़ दी है। 'दसारा' और 'बेबी जॉन' की एक्ट्रेस ने दीपिका पादुकोण के 8 घंटे काम की मांग के महीनों बाद कहा है कि 8 घंटे काम करने के दौरान भी, एक एक्टर को सोने के लिए जरूरी समय नहीं मिल पाता है।

हैदराबाद में अपनी अगली फिल्म 'रिवॉल्वर रीटा' के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि कम घंटे काम करने के आइडियल सिनेरियो में भी एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही नींद मिलती है। दिग्गज फिल्ममेकर-एक्टर जी. सुरेश कुमार की बेटी कीर्ति ने कहा, 'सुबह 9 बजे की शिफ्ट के लिए, अगर मुझे सुबह 7:30 बजे तक वहां पहुंचना है, तो मुझे सुबह 6:30 बजे घर से निकलना होगा और सुबह 5:30 बजे तक उठना होगा। शाम को लगभग 6 या 6:30 बजे पैक-अप के बाद, घर वापस जाना पड़ता है, कपड़े बदलने पड़ते हैं, एक्सरसाइज करनी पड़ती है, डिनर करना पड़ता है, और सोने के लिए जरूरी घंटे निकालने के लिए स्ट्रगल करना पड़ता है। केरल में पैदा हुईं 33 साल की कीर्ति सुरेश ने आगे कहा, 'अब, मुझे रात 11:30 बजे सोने के बाद सुबह 5:30 बजे फिर उठना पड़ता है।' कीर्ति ने बताया कि कैसे आठ घंटे की वर्क शिफ्ट, जिसे एक आइडियल सिनेरियो माना जाता है, उसमें भी सोने का समय मुश्किल से ही शामिल होता है, जबकि एक एडल्ट बॉडी के लिए आइडियल जरूरत आठ घंटे की नींद है। उन्होंने कहा, 'हम कहते हैं कि आठ घंटे की नींद अच्छी है, लेकिन हम मुश्किल से छह घंटे सो पाते हैं।

हॉलीवुड मसाला



# नाटकों ने दिलाई टॉम को पहचान

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटेन के सबसे प्रसिद्ध स्क्रीन राइटर में से एक टॉम स्टॉपर्ड का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके जाने से हॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक की लहर छा गई है। साल 1937 में चेकोस्लोवाकिया में जन्में टॉम स्टॉपर्ड का बचपन मुश्किलों में गुजरा। नाजी हमले के बाद उनका परिवार सिंगापुर चला गया। उन्होंने कई नाटक ऐसे, लिखे जिसने उन्हें काफी पहचान दिलाई। टॉम स्टॉपर्ड ने अपने कॅरियर में कई शानदार नाटक लिखे थे।




# सधी हुई कहानी और परफेक्ट कॉमेडी से फिल्म बनी रोमांचक

**मुंबई।** हॉलीवुड की फिल्म हो और वो भी एनिमेटेड.. फिर तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि आप इसे देखकर निराश हों। 'जूटोपिया 2' भी कुछ ऐसी ही फिल्म है। पहले सीन से लेकर आखिरी सीन तक कहानी आपको बांधे रखती है और इसके वन लाइनर्स हंसा-हंसाकर आपका पेट दर्द कर देते हैं। वहीं मेकर्स ने लीड किरदार में श्रद्धा कपूर की आवाज जोड़कर इसमें चार चांद लगा दिए। फिल्म की कहानी पहले पार्ट से आगे बढ़ती है। जूडी हॉप्स और निक वाइल्ड जूटोपिया पुलिस डिपार्टमेंट में पार्टनर हैं पर दोनों के बीच बॉन्डिंग अच्छी नहीं है। एक केस में दोनों से गलती होने के बाद चीफ बोगो उन्हें अलग हो जाने या फिर थैरेपी सेशन अटैंड करने की सलाह देते हैं। जूडी को लगता है कि जूटोपिया में कोई सांप घुस आया है पर उसकी बात पर कोई यकीन नहीं करता। वो निक को मनाकर तहकीकात में लग जाती है।



# पैपराजी से कोई नाता नहीं: जया बच्चन

**मुंबई।** वेटरेन एक्ट्रेस जया बच्चन अक्सर पैपराजी पर भड़कती रहती हैं। अब एक बार फिर अभिनेत्री ने पैपराजी की भूमिका और पेशेवर रवैये पर शंकाएं जताई हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रशिक्षित पत्रकारों के प्रति अपने सम्मान और मशहूर हस्तियों के समारोहों में पैपराजी को लेकर खुद के असहज होने के बारे में भी बात की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है। वायरल वीडियो में एक इवेंट के दौरान जया बच्चन ने पैपराजी को लेकर बात की। इवेंट के दौरान जया बच्चन ने कहा कि मैं मीडिया की उपज हूं, लेकिन पैपराजी से मेरा कोई नाता नहीं है। ये लोग कौन हैं? क्या इन्हें इस देश के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है? आप इन्हें मीडिया कहते हैं? मैं मीडिया से आती हूं। मेरे पिता एक पत्रकार थे।



# 'कांतारा' में दिखाई गई देवी को कहा भूत

**मुंबई।** 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं। उन पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा है और यूजर्स भी भड़के हुए हैं। दरअसल, रणवीर ने ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा: चैप्टर वन' का मजाक उड़ाया। साथ ही फिल्म में दिखाई गई देवी को भूत कह दिया। इससे लोग बुरी तरह भड़क गए हैं और उनका कहना है कि अब तो 'धुरंधर' बिल्कुल फ्लॉप समझो। मामला हाल ही गोवा में हुए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का है, जिसमें रणवीर सिंह शामिल हुए थे। ऋषभ शेट्टी भी इस फेस्टिवल का हिस्सा थे। इसका एक वीडियो भी आया है, जिसमें रणवीर सिंह स्टेज पर हैं, और सामने बैठे ऋषभ शेट्टी से कह रहे हैं, 'मैंने थिएटर में 'कांतारा: चैप्टर वन' देखी, और ऋषभ यह एक बेहतरीन परफॉर्मेंस थी।

टीवी मसाला



# वीकएंड का वार में धर्मेंद्र को याद कर भावुक हुए सलमान

**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का बीते दिनों निधन हो गया था। इस खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। बिग बॉस 19 के हालिया वीकएंड का वार एपिसोड में सलमान खान ने दिवंगत अभिनेता को याद किया और वो भावुक हो गए। इसके साथ ही उन्होंने इस घटना को देश के लिए सबसे बड़ा नुकसान बताया। बिग बॉस 19 शो के होस्ट सलमान खान ने धर्मेंद्र को याद किया। उन्होंने कहा- 'देश और उनके सभी प्रशंसकों को बहुत ही बड़ा झटका लगा है। इस घटना से इंडस्ट्री को बड़ा सदमा पहुंचा है। मुझे लगता है कि आप लोग समझ रहे हैं कि मैं किनकी बात कर रहा हूं। अभिनेता ने आगे कहा, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। काश इस हफ्ते वीकएंड का वार मैं नहीं कर रहा होता, लेकिन जिंदगी हमेशा चलती रहती है।' शनिवार को प्रसारित हुए बिग बॉस 19 के वीकएंड का वार में कंटेस्टेंट अशनूर कौर को शो से बाहर का रास्ता दिखाया गया। उन्हें सलमान खान ने तान्या मित्तल पर वार करने के लिए खूब डांट लगाई। अशनूर के एविक्शन पर कुछ नेटिजंस इसे गलत फैसला बता रहे हैं, तो कुछ इसे सही कह रहे हैं। बिग बॉस 19 से अशनूर कौर बेघर हो चुकी हैं। इसके अलावा रिपोर्ट्स के अनुसार शहबाज बदेशा का भी एविक्शन हो चुका है। इस हिसाब से शो में अब छह प्रतियोगी बचे हैं, जिसमें गौरव खन्ना फाइनल में पहुंच चुके हैं, क्योंकि उन्होंने टिकट टू फिनाले टास्क जीतकर खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है। अब फरहाना भट्ट, अमाल मलिक, तान्या मित्तल, प्रणीत मोरे और मालती चाहर के बीच फिनाले में पहुंचने की टक्कर है।

## जन्नत के पीछे पड़े अभिषेक और समर्थ

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट सीजन 3' में इस हफ्ते अराजकता चरम पर पहुंच गई जब किचन में अभिषेक कुमार, समर्थ जुरेल और जन्नत जुबैर के साथ एक बिल्कुल नया ट्राइएंगल बनने लगा।



अपनी चंचल नोक-झोंक और लगातार एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में लगे अभिषेक और समर्थ नए मिशन पर पहुंच गए- जन्नत का ध्यान अट्रैक्ट करना। मजेदार चुटकुले सुनाने से लेकर उन्हें इम्प्रेस करने के लिए छोटे-छोटे प्यारे स्टंट करने तक, दोनों लड़के एक-दूसरे से आगे निकलने के लिए बेताब दिख रहे थे। आग में घी डालने का काम अली गोनी ने किया, जिन्होंने इस जोड़ी को खूब छेड़ा। उन्होंने उन्हें छोटू कहकर मशहूर कर दिया और उन्हें किचन में अपने साइडकिक्स भी कहा। उनके इस कमेंट ने न सिर्फ स्टूडियो को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया।

# प्रियंका ने निक-मालती और परिवार संग मनाया थैंक्सगिविंग डे

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अक्सर सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पति, बेटी और परिवार के साथ तस्वीरें साझा करती हैं। एक्ट्रेस ने वीकएंड पर परिवार संग बिताए कुछ खुशनुमा पलों को शेयर किया है। इन तस्वीरों को अभिनेत्री ने कैलिफोर्निया से साझा करते हुए नोट भी लिखा है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की, जिनमें वो कैलिफोर्निया के किसी पार्क में गुनगुनी धूप में पति निक जोनस और बेटी मालती संग एंजाय कर रही हैं। एक तस्वीर में तीनों पार्क में लेटे हुए प्यारा पोज दे रहे हैं। वहीं, कुछ तस्वीरों में निक और प्रियंका बेटी संग खेलते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा अन्य तस्वीरों में अभिनेत्री अपनी मां मधु चोपड़ा और परिवार के अन्य सदस्यों और दोस्तों संग भी नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने परिवार के साथ डिनकर करते हुए भी एक तस्वीर साझा की है। अभिनेत्री ने परिवार के साथ थैंक्सगिविंग डे मनाया।



इस पोस्ट को साझा करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'थोड़े समय के लिए घर वापस आ गई हूं। कभी-कभी मैं खुद को अपने तरफ से प्रेम पाकर धन्यवाद महसूस करती हूं। इस थैंक्स गिविंग डे पर मैं स्वास्थ्य, आनंद, एकजुटता और जीवन के उन साधारण सुखों के लिए बहुत आभारी हूं, जिन्हें हम कभी-कभी हल्के में ले लेते हैं। मैं अपने परिवार, दोस्तों, टीम और उन सभी लोगों की बहुत आभारी हूं, जिन्होंने इस रोमांचक सफर को आसान बना दिया है।' आगे उन्होंने कहा, 'इतना लंबा समय घर से दूर बिताने के बाद, मैं बस खुद को याद दिला रही हूं कि जिंदगी की सबसे अच्छी चीजों में से एक है अपने प्रियजनों के बीच रहना। थैंक्सगिविंग मनाने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं।'

# रेड लाइट एरिया में जन्मी इस एक्ट्रेस पर बनी भारत की सबसे महंगी सीरीज...

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में पाकिस्तान की कई अदाकाराओं ने काम किया है और यह सिलसिला आज भी जारी है। पाक सिनेमा की कई कहानियां भी हिंदी सिनेमा में देखने को मिली हैं। बात करेंगे उस पाक अभिनेत्री की, जिस पर बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की पहले सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार बेस्ड बताई जाती है। इस पाक हसीना ने तकरीबन 100 फिल्मों में काम किया। यह एक्ट्रेस असल में एक तवायफ थी और लाहौर के रेड लाइट एरिया पर काम करती थी। इसी की कहानी को देश की सबसे महंगी सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार में दिखाया गया था।

***कौन थी ये पाक हसीना?*** : बात हो रही है नरगिस बेगम उर्फ निग्गो की, जो अपनी मां के नक्शेकदम पर चल एक तवायफ बनी थीं। वह हीरामंडी में सजने वाली महफिल में मुजरा किया करती थीं। उन्हें देखने के लिए पैसों वालों की भीड़ लगती थी। वहीं, 40 के दशक में राजशाही खत्म होने के दौर पर थी और इस वक्त सिनेमा की अच्छी शुरुआत हो रही थी। यह वो दौर था जब महिलाएं सिनेमा में काम करने से कतराती थीं। जब फिल्ममेकर को फिल्म के लिए हीरोइन की जरूरत होती थी, तो वह कोठे का रुख किया करते थे। वहीं, हीरामंडी में महफिल सजाए बैठीं निग्गों पर एक प्रोड्यूसर की नजर पड़ी। निग्गो एक क्लासिकल डांसर भी थी। ऐसे में प्रोड्यूसर निग्गो से इंप्रेस हुआ और कुछ ही समय बाद उन्हें फिल्म का ऑफर दे दिया।



***प्रोड्यूसर से रचाई शादी*** : निग्गो भी इस हीरामंडी के जंजाल से निकलना चाहती थीं और उन्होंने इस ऑफर को स्वीकार कर लिया। फिर साल 1964 में नरगिस ने पाकिस्तानी फिल्म इशरत से एक्टिंग डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने शहंशाह-ए-जहांगीर (1968), नई लैला नया मजनू (1969), अंदालिब (1969), लव इन जंगल (1970), अफसाना (1970), मोहब्बत (1972) समेत 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। इस दौरान उन्हें प्रोड्यूसर ख्वाजा महजर की फिल्म कासू में देखा गया, जहां दोनों में प्यार हो गया। ख्वाजा और नरगिस ने निकाह कर लिया।

***पति ने ही कर दिया मर्डर*** : बात काफी आगे बढ़ गई और तवायफों से शादी के नए नियम बन गए। वहीं, कोठे बंद होने की कगार पर थे निग्गों अपनी मां का ख्याल रखने उनके पास चली गईं। जब वह बार-बार पति के बुलाने पर भी नहीं लौटी तो 5 जनवरी 1972 को हीरामंडी जाकर ख्वाजा ने एक बार फिर निग्गो से घर चलने की विनती की, लेकिन वह नहीं मानी। इसके बाद ख्वाजा ने जेब से बंदूक निकाली और निग्गों को छलनी कर दिया।

## पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी फिल्म

# अर्थ ने दिखाया था समाज को आईना, 43 साल बाद भी बनी हुई है मस्ट वॉच

***मुंबई।*** *शबाना आजमी, स्मिता पाटिल, और कुलभूषण खरबंदा अभिनीत 'अर्थ' फिल्ममेकर महेश भट्ट की सेमी-आटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। यह अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित थी। पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी 'अर्थ'। 43 साल पहले तीन दिसंबर, 1982 को प्रदर्शित हुई फिल्म 'अर्थ' में एक दृश्य है जब फिल्म स्टार कविता (स्मिता पाटिल), पूजा (शबाना आजमी) से कहती है कि मैं इंदर (कुलभूषण खरबंदा) को चाहती थी तुम्हारे पति को नहीं। मैं अपना घर बसाना चाहती थी, तुम्हारा घर उजाड़ना नहीं चाहती थी। जिस पर पूजा जवाब देती है कि मेरा घर था ही नहीं इसलिए तुमने कुछ नहीं उजाड़ा।*

### महेश भट्ट की क्रांतिकारी फिल्म

हिंदी फिल्मों में महिलाओं के चित्रण के संदर्भ में इसे क्रांतिकारी फिल्म माना जाता है। अर्थ को बनाने के पीछे की कहानी दिलचस्प है। अर्थ से पहले महेश भट्ट ने चार फिल्में मंजिलें और भी हैं(1974), विश्वासघात (1977), नया दौर (1978) और लहू के दो रंग (1979) बनाईं, लेकिन वह बाक्स आफिस पर अपना प्रभाव छोड़ पाने में नाकाम रहीं। तब उन्हें अपनी उथल-पुथल भरी निजी जिंदगी को परदे पर उतारने का विचार आया। यहीं से अर्थ को बनाने की शुरुआत हुई। फिल्म में कई दृश्य महेश की जिंदगी से जुड़े भी रहे। उदाहरण के तौर पर जब पूजा को पता चलता है कि इंदर उसे कविता के लिए छोड़ना चाहता है, तो वह उससे आग्रह करती है कि वह उसे न छोड़े। साथ ही, वह सीन जब सोए हुए इंदर को कविता जगाने की कोशिश करती है तो वह पूजा का नाम लेता है। किस्सा यह भी है कि जब यह फिल्म बन रही थी तब स्मिता पाटिल और राज बब्बर असल जिंदगी में रिश्ते में थे। राज बब्बर शादीशुदा थे।

### अर्थ की कहानी

फिल्म ने उस कड़वी सच्चाई को दिखाया था कि विवाहेतर संबंध शुरुआत में लुभावने लग सकते हैं, लेकिन जैसे-जैसे यह रिश्ता आगे बढ़ता है, असुरक्षा की भावना, सामाजिक मान्यता पाने की चाहत, बिगड़ती मानसिक हालत कहीं न कहीं तनाव बढ़ाते हैं। फिर यह रिश्ता सिर्फ दर्द ही देता है। वास्तव में यह फिल्म पूजा की अपनी पहचान तलाशने की यात्रा पर है, जब उसका पति उसे दूसरी महिला के लिए छोड़ देता है। यह फिल्म उस वक्त आई थी, जब डिस्को डांसर और मर्द जैसी फिल्मों की कहानी पुरुषों के नजरिए से दिखाई जा रही थी, लेकिन अर्थ की कहानी महिलाओं के नजरिए से कही गई थी। यह भले ही मार्केट के ढांचे में फिट न बैठती हो, लेकिन दर्शकों को पसंद आई थी। यह कोई राज नहीं है कि लेखक-निर्देशक महेश भट्ट ने अपनी जिंदगी की कुछ वास्तविकताओं को काल्पनिकता के साथ जोड़कर अर्थ बनाई थी। इसमें त्यागी गई पत्नी पूजा, मनचाही औरत कविता और टूटे हुए आदमी इंदर जैसे पात्रों के जरिए इंसानों की कमियों, पुरुषों के दोहरे मापदंड और रिश्तों की अस्थिरता की पड़ताल बारीकी से की गई थी। यह फिल्म महेश और उस समय शीर्ष पर रहीं अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित आत्मकथात्मक फिल्म थी। इन संबंधों के चलते महेश द्वारा पहली पत्नी किरण भट्ट उर्फ लोरेन ब्राइट को छोड़ने की आत्मग्लानि इस कहानी का आधार थी।



### मैसेज देती है अर्थ

फिल्म के अंत में कविता की असुरक्षा और मानसिक रूप से अस्थिर प्रकृति अंततः इंदर को उससे दूर कर देती है। इंदर पश्चाताप के साथ पूजा के पास वापस आता है, लेकिन पूजा उसे अस्वीकार कर देती है, क्योंकि तब तक वह मजबूत और आत्मनिर्भर बन चुकी होती है और उसे एहसास होता है कि अपनी खुशी के लिए उसे किसी पुरुष की जरूरत नहीं है। रिश्तों के जटिल पहलुओं को गहराई से छूने वाली इस फिल्म में परत दर परत महिलाओं के जज्बातों को बहुत बारीकी से दर्शाया गया। रिश्तों के भंवर में जिंदगी का अर्थ खोजती यह फिल्म आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी उस वक्त थी!

## खबर संक्षेप

### श्री महाशिवपुराण कथा ज्ञान यज्ञ कल से

**फतेहाबाद।** श्री रघुनाथ मंदिर फतेहाबाद के 71वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में गीता ज्ञानेश्वर डॉ. स्वामी दिव्यानंद महाराज के पावन सानिध्य में 2 से 6 दिसंबर तक श्री रघुनाथ मंदिर प्रांगण में श्री महाशिवपुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उमंग सरदाना ने बताया कि श्री रघुनाथ मंदिर के वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ 2 दिसम्बर को सुबह 8:30 बजे गीता ज्ञानेश्वर डॉ. स्वामी दिव्यानंद महाराज ध्वजारोहण के साथ करेंगे। उन्होंने बताया कि रोजाना प्रातः 8:30 बजे से 10:30 बजे तक भगवान शिव अमृताभिषेक किया जाएगा, जबकि सायं 3:30 बजे से 7 बजे तक भजन प्रस्तुति व दिव्य शिव महापुराण सत्संग का आयोजन किया जाएगा।

### नशा तस्करी मामले में नाबालिग गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने पहले से दर्ज नशा तस्करी मामले में एक नाबालिग को उसके अभिभावकों की उपस्थिति में शामिल-जांच किया। पुलिस पहले ही इस मामले में एक आरोपी सुखदेव सिंह उर्फ सुखा पुत्र मक्खन सिंह निवासी पीरांवाली, जिला हिसार को काबू कर चुकी है। आरोपी को नेशनल हाइवे-9 हिसार रोड पर गांव खाराखेड़ी के पास स्थित सूर्य स्टार होटल के सामने से पकड़ा गया था, जहां वह मोटरसाइकिल पर हेरोइन की सप्लाई के लिए खड़ा था। पुलिस ने नियमानुसार तलाशी ली, जिसके दौरान उसके पास से 15.022 ग्राम हेरोइन बरामद की गई थी।

### खेत विवाद में हमले के सभी आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** थाना भट्टूकलां पुलिस ने मारपीट प्रकरण में कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों की पहचान सुरजभान पुत्र रामलाल, पवन पुत्र रामलाल, अनिल पुत्र रामलाल व सुनील पुत्र सुरजभान निवासी मेहुवाला के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि पीड़ित देवीलाल पुत्र रामलाल ने शिकायत में बताया कि 25 नवम्बर को वह व उसकी पत्नी खेत में कार्य कर रहे थे। इसी दौरान उपरोक्त चारों आरोपी लाठी-डंडे व लोहे की पाइप लेकर पहुंचे और खेत में पड़ी तुड़ी को लेकर विवाद करने लगे। कहासुनी बढ़ने पर सुनील ने लोहे की पाइप से उसके पैर पर चोट पहुंचाई, अनिल ने पाइप हाथ पर मारी, जबकि सुरजभान व पवन ने डंडों से सिर व शरीर पर वार किए।

### सड़क सुरक्षा और यातायात अनुशासन के लिए चलाया विशेष अभियान

# मॉडिफाइड साइलेंसर और नशे में वाहन चलाने वालों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के दिशा-निर्देशन में फतेहाबाद पुलिस ने जिलेभर में सडक़ सुरक्षा, यातायात अनुशासन और सार्वजनिक शांति सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया है। नवम्बर माह में चलाए गए इस अभियान के तहत मॉडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनों, नशे में वाहन चलाने वालों और अनावश्यक शोर मचाने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की गई है।

अभियान के दौरान कई युवकों की मोटरसाइकिलों से अवैध साइलेंसर उतरवाए गए और वाहन जब्त किए गए। मौके पर पुलिस ने चालकों को नियमों का पालन करने और शांति बनाए रखने के महत्व के बारे में समझाया। 'शोर नहीं, जिम्मेदारी अपनाओ' संदेश के माध्यम से युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाया गया।



फतेहाबाद। नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करती ट्रैफिक पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

#### युवको को दी चेतावनी

*पुलिस ने मौके पर ही नशे में वाहन चलाने वाले चालकों को पकड़ा और मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान व मुकदमे दर्ज किए। स्कूल, कॉलेज और बाजार क्षेत्रों में पुलिस गश्त कर रही है। असामाजिक व्यवहार या छेड़छाड़ करने वाले युवकों की पहचान कर उन्हें चेतावनी दी गई, और जरूरत पडने पर परिजनों को बुलाकर समझाइश दी गई। डीएसपी ट्रैफिक कुलवंत सिंह की निगरानी में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में टीमों को तैनात किया गया है। नियमों का पालन कराए जाने के साथ ही नागरिकों के लिए पोस्टर, सोशल मीडिया और सेमिनार के जरिए ट्रैफिक जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि एम्बुलेंस या अन्य इमरजेंसी वाहन का रास्ता रोकने वाले चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। सडक सुरक्षा केवल चालान भरवाने तक सीमित नहीं, बल्कि सुरक्षित और अनुशासित यातायात सुनिश्चित करना है। नशे में ड्राइविंग, शोरगुल या नियमों की अनदेखी न करें। सडक़ सभी के लिए सुरक्षित बनी रहे, यही हमारी प्राथमिकता है। फतेहाबाद पुलिस इस दिशा में लगातार कार्रवाई जारी रखेगी।*



फतेहाबाद। मॉडिफाइड साइलेंसर वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करती ट्रेफिक पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

#### अब तक की कार्रवाई

| | |
|---|---|
| मॉडिफाइड साइलेंसर वाले वाहन | 33 |
| नशे में वाहन चलाना | 173 |
| ट्रिपल राइडिंग | 113 |
| बिना नंबर प्लेट वाहन | 81 |
| बिना पैटर्न नंबर प्लेट | 224 |
| ब्लैक फिल्म वाले वाहन | 15 |
| लेन उल्लंघन | 734 |



फतेहाबाद। थानों में पौधे लगाते पुलिस कर्मचारी।

### थानों में दिखने लगा बदलाव

# पुलिस ने रविवार को जारी रखा स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में हर रविवार को चलाए जा रहे स्वच्छ थाना-चौकी अभियान के तहत जिले के सभी थानों व चौकियों में स्वच्छता और अनुशासन का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस रविवार को भी यह अभियान जारी रहा और पुलिस कर्मचारियों ने थानों व चौकियों की साफ-सफाई की। पुलिसकर्मी हाथों में झाड़, ब्रश और पौधे लेकर थानों की सफाई और सौंदर्यीकरण में जुटे रहे। कहीं दीवारों की पुताई, कहीं रिकॉर्ड रूम की सफाई, तो कहीं पौधारोपण - यह सब अब एक नियमित अभ्यास बन चुका है।

#### नागरिकों का बढ़ता विश्वास

एसपी सिद्धांत जैन का मानना है कि एक स्वच्छ और व्यवस्थित थाना न केवल पुलिस बल का मनोबल बढ़ाता है, बल्कि वहां आने वाले नागरिकों में भी विश्वास का माहौल पैदा करता है। इस अभियान में रैंक या पद का कोई अंतर नहीं। अधिकारी से सिपाही तक, सभी एक साथ मिलकर थानों की तस्वीर बदल रहे हैं। इससे टीमवर्क, अनुशासन और सकारात्मक कार्यसंस्कृति को भी बढ़ावा मिला है। पुलिस प्रवक्ता का दावा है कि अब जिले के अधिकांश थानों में स्वच्छ पेयजल, साफ-सुथरे शौचालय, बैठने की समुचित व्यवस्था है वहीं शिकायत लेकर आने वाले लोगों को मैत्रीपूर्ण, सम्मानजनक और सहानुभूतिपूर्ण माहौल का अनुभव हो रहा है। एसपी जैन कहते हैं कि स्वच्छता कोई एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि सतत अभ्यास है। जैसे कानून-व्यवस्था बनाए रखना हमारी ड्यूटी है, वैसे ही स्वच्छ कार्यस्थल बनाए रखना भी हमारी जिम्मेदारी है।

# सांसद सुभाष बराला ने कार्यकर्ताओं के साथ गांव कन्हड़ी में सुनी प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात'

### सांसद ने घरों पर स्वदेशी अपनाएं स्टीकर लगाकर जागरुकता अभियान की शुरुआत

- कार्यकर्ताओं को बूथ को और अधिक मजबूत बनाने, घर-घर पहुंचकर सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और समाज के हर वर्ग को जोड़ने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना



टोहाना। स्वदेशी अपनाएं स्टीकर लगाकर जागरूकता अभियान की शुरुआत करते सांसद सुभाष बराला। फोटो : हरिभूमि

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने रविवार को टोहाना विधानसभा क्षेत्र के गांव कन्हड़ी के बूथ नंबर 154 पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और ग्रामीण नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। बूथ स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में काफी संख्या में कार्यकर्ताओं तथा ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। सांसद सुभाष बराला ने कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि नए भारत के निर्माण का जन आंदोलन है। प्रधानमंत्री ने इसमें देश की उन्नति, समाज की भागीदारी, युवाओं की भूमिका, पर्यावरण संरक्षण, लोक संस्कृति एवं आत्मनिर्भर भारत से जुड़े बेहतरीन विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के संदेश देश की जनता को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढने की प्रेरणा देते हैं।

सांसद बराला ने कहा कि आज लोगों का भाजपा की नीतियों पर विश्वास और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का बूथ ही पार्टी की बुनियाद है, और बूथ का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा का सशक्त प्रतिनिधि है। सांसद ने कार्यकर्ताओं को बूथ को और अधिक मजबूत बनाने, घर-घर पहुंचकर सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और समाज के हर वर्ग को जोड़ने का आह्वान किया। इसके साथ ही सांसद बराला ने ग्रामीणों को स्वदेशी अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है, और यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

#### सांसद ने लगाए स्वदेशी अपनाएं के स्टीकर

सांसद ने स्वयं कार्यकर्ताओं के घरों पर स्वदेशी अपनाएं स्टीकर लगाकर जागरूकता अभियान की शुरुआत की और अपील की कि छोटे दुकानदारों, कारीगरों, किसानों और स्थानीय उद्यमियों का समर्थन करके हम विकसित राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार होगा जब हर नागरिक अपनी भूमिका समझे और समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाए। सांसद ने युवाओं से अपील की कि वे शिक्षा, खेल, पर्यावरण, स्वच्छता और तकनीक जैसे क्षेत्रों में सक्रिय योगदान देकर अपना भविष्य और राष्ट्र का भविष्य मजबूत करें। कार्यक्रम में रमन मड़िया, दलजीत नैन, कृष्ण नैन, रामेहर नैन, अमरजीत नैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# थाने में पुलिस कर्मचारियों को करवाया प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास



भट्टूकलां। थाने में योगाभ्यास करते पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भट्टूकलां

महानिदेशक, आयुष विभाग पंचकूला व हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में फतेहाबाद जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा व योग जिला योग समन्वयक डॉ. भारती चौहान के निर्देशानुसार जिला के सभी सरकारी विभागों में वाई-ब्रेक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण जिला फतेहाबाद में कार्यरत सभी आयुष योग सहायकों के द्वारा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आयुष योग सहायक अनिल कुमार, सतबीर सिंह व संजय कुमार ने थाना भट्टूकलां के सभी कर्मचारीयो व अधिकारियों को वाई-ब्रेक का प्रशिक्षण दिया।

वाई-ब्रेक अभ्यास के प्रशिक्षण के दौरान आयुष योग सहायक अनिल कुमार व संजय कुमार ने पुलिस कर्मचारियों को ताड़ासन, उध्र्वा हस्तोत्तानासन, उत्तान मंडूकासन, कटी चक्रासन, नाडी शोधन प्राणायाम के साथ-साथ ध्यान का अभ्यास करवाते हुए उससे होने वाले लाभ से भी अवगत करवाया। आयुष योग सहायक सतबीर सिंह ने बताया कि नित्य प्रति योगाभ्यास करने से हम शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होकर गंभीर रोगों से निजात पा सकते हैं। प्रशिक्षण सत्र में भागीदारी करते हुए थाना प्रभारी राधेश्याम, एडिशनल एसएचओ महावीर सहित उपस्थित सभी स्टाफ ने बड़ी ऊर्जा के साथ योगाभ्यास किया। थाना प्रभारी राधेश्याम ने योगाभ्यास को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की भी प्रतिबद्धता जताई।

## पुलिस इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र का सेवानिवृत्ति पर भव्य सम्मान



हिसार। सेवानिवृति पर इंस्पेक्टर जगदीश व अन्य गणमान्य व्यक्ति।

**हिसार।** हरियाणा पुलिस के इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र बौद्ध की सेवानिवृत्ति के अवसर पर सिरसा रोड स्थित गुरु रविदास भवन (छात्रावास) में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों, सामाजिक संगठनों, स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों तथा पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की। समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र ने अपने पूरे सेवाकाल में पुलिस सेवा को एक मिशन के रूप में निभाया। उनकी कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, ईमानदार कार्यशैली और जनता के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण उन्हें एक विशिष्ट अधिकारी बनाता है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। इस अवसर पर उन्हें स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# विदेशी कंपनियां देश को खोखला कर रही : आर्य

### राजीव दीक्षित की पुण्यतिथि एवं जयन्ती पर भट्टूमंडी में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से देश आत्मनिर्भर बनता है, इसलिए हमें अपने जीवन में हरपल स्वदेशी वस्तुओं का आग्रह रखना चाहिए। यह बात पंतजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य योग प्रशिक्षक मदन गोपाल आर्य ने रविवार को प्रसिद्ध वैज्ञानिक राजीव दीक्षित की पुण्यतिथि एवं जयन्ती पर भट्टूमण्डी के सामुदायिक भवन में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में चल रही निःशुल्क योग कक्षा में भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितजनों को स्वदेशी का महत्व बताते हुए कही। मदन गोपाल आर्य ने कहा कि विदेशी कंपनियां देश को आर्थिक रूप से खोखला कर रही है। भारत में इस समय हजारों विदेशी कंपनियां अपना कारोबार कर रही है जो देश की जनता को झूठे प्रलोभन देकर बुरी तरह लूट रही है। विदेशी वस्तुओं के प्रयोग करने से देश का काफी मात्रा में धन विदेशो में चला जाता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों के शीतल पेय पदार्थों, क्रीम, पाउडर, टूथपेस्ट, शेविंग क्रीम आदि पर हमारा करोडों रूपये खर्च हो रहा है जो विदेशो में जा रहा है। यदि इन्ही विदेशी चीजो का प्रयोग बंद करके स्वदेशी चीजें अपनाए तो देश में रोजगार के अवसर बढेगें तथा देश का हमारा पैसा बाहर जाना बंद हो जाएगा तथा देश में आर्थिक खुशहाली आएगी। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति भट्टू मण्डी के प्रभारी अमित सिंगला, महिला प्रभारी मिताली गर्ग, किरण गर्ग, मुस्कान गर्ग, कुसुम सिंगला, मिनाक्षी बंसल, सीमा गर्ग, ममता गर्ग, पिंकी सिंगला, भागेश बंसल, मंजु बागड़ी, सुनीता, राम सिंह, ओमप्रकाश, कुरड़ा राम शास्त्री, नरेन्द्र भादू, गोबिन्द सहित पतंजलि परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित थे।



फतेहाबाद। स्वदेशी अपनाने का संकल्प लेते लोग। फोटो : हरिभूमि

## हांसी प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने शिक्षा मंत्री को सौंपा मांगों का ज्ञापन

**हांसी।** हांसी प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन ने शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के हांसी आगमन पर विधायक विनोद भ्याणा के माध्यम से मांग पत्र सौंपा। हांसी प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक अनिल कुमार और सतीश वर्मा ने शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। स्कूल निदेशक रोशन सुलतानपुर ने मांग की कि छुट्टियों के दौरान बोर्ड कक्षाओं को लगाने के लिए और विरेन्द्र मान ने जयंती के उपलक्ष में जयन्तियों को विद्यालय में मनाने की अनुमति देने की मांग की। उप-प्रधान मनोज आहुजा ने मांग की कि 2003 से चल रहे सभी प्राइवेट स्कूलों की अस्थाई मान्यता को स्थाई मान्यता प्रदान की जाए, प्रधान रविन्द्र अत्री ने बताया कि प्रदेश भर के विद्यालयों का आरटीई की सीटें दिखाने के बावजूद भी एमआईएस पोर्टल बंद है और हरियाणा मौलिक शिक्षा निदेशालय द्वारा विद्यालयों पर भारी भरकम जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने आरटीई के लैप्स हुए पैसे को पोर्टल खोलकर दोबारा से जारी करने की मांग की।



हांसी। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को ज्ञापन सौंपते हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ के सदस्य।

*आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा*

# डाक्टर के सरकारी आवास से चोरी करने वाले चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

नारनौंद में एक सरकारी क्वार्टर से सामान चोरी के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह क्वार्टर नागरिक अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. बिट्टू का है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान नारनौंद निवासी सोनू, मनीष, अजय और राकेश के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि चोरी की घटना 1 अगस्त से 30 सितंबर के बीच हुई थी, जब डॉ. बिट्टू छुट्टी पर थे। एक अक्टूबर को लौटने पर उन्होंने अपने क्वार्टर नंबर-3 के दरवाजे टूटे पाए। अंदर से 43 इंच सोनी एलईडी टीवी, वोल्टाज विंडो एसी, गीजर, छत के पंखे, जूसर-मिक्सर, गैस सिलेंडर, रसोई का सामान, कपड़े, जूते, प्लास्टिक कुर्सियां, आल्टो कार के रिम और एमएलआर रजिस्टर सहित अन्य घरेलू सामान गायब था। डॉक्टर के अनुसार, उन्हें इस चोरी से लगभग दो से ढाई लाख रुपए का नुकसान हुआ है। डॉ. बिट्टू की शिकायत पर नारनौंद पुलिस ने केस दर्ज करके जांच करते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान की। नारनौंद थाना के एएसआई कुलबीर सिंह ने बताया कि आरोपियों से एक गैस सिलेंडर, एक गीजर, 1800 रुपए नकद और वारदात में इस्तेमाल की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। गिरफ्तार किए चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।



नारनौंद। चोरी के आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

**जागरुकता** फर्जी लोन, नकली अकाउंट खोलने व ऑनलाइन केवाईसी ठगी के मामले बढ़े

# पैन कार्ड का दुरुपयोग बढ़ा, साइबर अपराधी बना रहे हपहचान चोरी का नया जाल : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिलेवासियों को पैन कार्ड से जुड़े बढ़ते साइबर और वित्तीय अपराधों को लेकर विशेष चेतावनी जारी की है। उनके निर्देशों पर फतेहाबाद पुलिस ने हाल में सामने आए मामलों का विश्लेषण कर नागरिकों की सुरक्षा हेतु यह महत्वपूर्ण एडवाइजरी तैयार की है। एसपी ने बताया कि अपराधी पैन कार्ड का दुरुपयोग कर फर्जी बैंक खाते खोलने, ऑनलाइन लोन लेने, क्रेडिट स्कोर से छेड़छाड़ करने और दूसरों के नाम पर वित्तीय लेन-देन करने जैसी गंभीर धोखाधड़ी कर रहे हैं। कई शिकायतों में पाया गया है कि लोग अनजान लिंक, नकली वेबसाइट, लोन ऐप और फर्जी केवाईसी अपडेट के नाम पर अपने पैन की फोटो या नंबर साझा कर देते हैं, जिसके बाद उनके नाम पर अवैध गतिविधियां शुरू हो जाती हैं।

#### लापरवाही से हो सकता है नुकसान

साइबर अपराधी सोशल मीडिया, व्हाट्सएप मैसेज, मेल लिंक, और केवाईसी अपडेट अलर्ट के जरिए पैन की जानकारी मांगते हैं। कई मामलों में ठग खुद को बैंक या वित्तीय संस्था का कर्मचारी बनकर कॉल करते हैं, और नागरिकों से पैन विवरण, जन्मतिथि, आधार नंबर, क्रेडिट जानकारी व ओटीपी तक हासिल कर लेते हैं। इससे पीड़ित के नाम पर फर्जी लोन, क्रेडिट कार्ड और खाते खुल जाते हैं। एसपी ने कहा कि लोगों की पहचान और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पैन कार्ड से जुड़ी जानकारी साझा करने में जरा सी लापरवाही किसी भी व्यक्ति को बड़े वित्तीय नुकसान में धकेल सकती है। जागरूकता और सतर्कता ही इससे बचाव का सबसे मजबूत उपाय है।

#### नागरिकों से की अपील



पुलिस द्वारा जारी एडवाइजरी में नागरिकों से अपील की गई है कि पैन कार्ड की फोटो, नंबर या स्कैन किसी भी अनजान व्यक्ति, वेबसाइट या ऐप पर साझा न करें। किसी भी केवाईसी अपडेट, लोन ऑफर या बैंक वेरिफिकेशन के नाम पर आए मैसेज पर भरोसा न करें। केवल आयकर विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर ही पैन से संबंधित जानकारी देखें। अपनी क्रेडिट रिपोर्ट समय-समय पर चेक करते रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करें। ठगी होने की स्थिति में नागरिक तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें या पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। यदि पैन का दुरुपयोग हो गया हो, तो निकटतम पुलिस थाने में रिपोर्ट देना अत्यंत आवश्यक है, ताकि आगे होने वाली धोखाधड़ी रोकी जा सके।

## खबर संक्षेप



### कर्मचारियों के लिए योग ब्रेक अत्यंत लाभप्रद

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय में योग ब्रेक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. रमेश सोनी ने बताया कि प्रशिक्षण सत्र में आयुष विभाग के योग सहायक पंकज वर्मा ने महाविद्यालय के कर्मचारियों को विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास करवाया। डॉ. सुरेंद्रपाल नागर ने बताया कि केंद्र सरकार ने कर्मचारियों के तनाव को दूर करने के लिए योग विराम की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों को कार्यस्थल पर योग के माध्यम से तनाव दूर करने के साथ-साथ स्वयं को स्वस्थ्य रखने के प्रति जागरूक करना है।

### विद्यार्थियों ने जानी ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली

**सिरसा।** डाइट डिंग द्वारा आयोजित कार्यक्रम युवा ग्राम पंचायत के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नेजाडेला खुर्द में युवा ग्राम पंचायत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बतौर मुख्यातिथि गांव के सरपंच अमरजीत ने शिरकत की। इस मौके पर ग्राम सरपंच अमरजीत ने बच्चों को पंचायत की वास्तविक स्थितियों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों में सीखने की भावना पैदा होती है। राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता हरीश सिंगला ने कहा कि आज के बच्चे भविष्य के नेता व निर्माणकर्ता हैं।

### आयोजना समिति के गठन के लिए चुनाव घोषित

**सिरसा।** जिला आयोजना समिति के गठन को लेकर जिला प्रशासन ने 12 दिसंबर को प्रातः 10:30 बजे चुनाव प्रक्रिया आयोजित करने का कार्यक्रम घोषित किया गया है। सिरसा जिला के लिए कुल 25 सदस्यीय समिति का गठन किया जाना है, जिसमें से 5 सदस्यों को सरकार द्वारा नामित किया जाएगा, जबकि शेष 20 सदस्यों का चुनाव किया जाएगा। इन 20 सदस्यों में 15 सदस्य जिला परिषद से तथा 5 सदस्य नगर परिषद/नगरपालिकाओं से चुने जाएंगे।

### चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित आरोपी दबोचा

**सिरसा।** शहर थाना की कीर्ति नगर पुलिस चौकी ने एक युवक को चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी संदीप सिंह ने बताया कि ग्रेवाल बस्ती सिरसा निवासी प्रमोद कुमार पुत्र बलवंत राय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने बीती 23 नंबवर की शाम को घर के बाहर बाइक खड़ा किया था। सुबह आकर देखा तो बाइक कोई अज्ञात युवक चोरी करके ले गया। शिकायत के आधार पर थाना शहर सिरसा में मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई। जांच के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी अशोक कुमार पुत्र रामचंद्र निवासी दड़बा कलां जिला सिरसा को चोरीशुदा बाइक सहित काबू किया। उन्होंने बताया कि आरोपी नशा करने का आदी है इसलिए चोरी के वारदात करता है।

## गीता महोत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों व सेमिनार का भव्य आयोजन

# भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों का अनुसरण करना ही जीवन की सच्ची सार्थकता : अनुराग ढालिया

- सेमिनार के मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला स्तर पर पंचायत भवन में चल रहे तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को सेमिनार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रख्यात विद्वानों ने श्रीमद्भगवद्गीता पर आधारित विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखते हुए उपस्थित जनसमूह को गीता के दिव्य ज्ञान से अभिभूत किया। सेमिनार के मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने श्रीमद्भगवद गीता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर सेमिनार की शुरुआत की।

**मानवता का संदेश** :उन्होंने गीता को विश्व मानवता का मार्गदर्शन करने वाला अद्भुत ग्रंथ बताते हुए कहा कि गीता ज्ञान का अथाह भंडार है और श्रीकृष्ण द्वारा कहे गए प्रत्येक शब्द का अनुसरण करना ही जीवन की सच्ची सार्थकता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को फल की इच्छा छोडक़र निष्काम कर्म करते रहना चाहिए। इस अवसर पर अधिकारियों तथा अतिथियों ने विभिन्न विभागों, धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा स्टॉल प्रतिनिधियों से उनकी गतिविधियों और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। स्कूली विद्यार्थियों, महिला मंडलों और लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया और सभागार तालियों से गूंज उठा। अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने गीता पर व्याख्यान देने वाले सभी विद्वानों को गीता की प्रतिमा भेंट कर, शॉल और पटका पहनाकर सम्मानित किया।








**फतेहाबाद।** गीता जयंती महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

### गीता ज्ञान एक अनुपम धरोहर : संत कुमार टुटेजा

एडवोकेट संत कुमार टुटेजा ने अपने विचार एक दोहे के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए कहा कि गीता आस्तिक-नास्तिक सभी के लिए समान रूप से प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि गीता मानव जाति की अनमोल धरोहर है।

### भागवत गीता व्यावहारिक ग्रंथ : वीना खुराना

प्रख्यात विदुषी वीना खुराना ने कहा कि गीता अध्यात्म का सागर है और व्यवहारिक जीवन का मार्गदर्शक भी। उन्होंने बताया कि गीता किसी एक धर्म का नहीं बल्कि मानव जाति का ग्रंथ है। उसमें ज्ञान का सागर समाया हुआ है।

### गीता में ज्ञान, भक्ति और कर्मका समन्वय : सुमित्रा

शिक्षाविद सुमित्रा आर्य ने कहा कि गीता जीवन दर्शन का अतुल्य स्रोत है। भगवान कृष्ण ने ब्रह्मांड की रचना, धर्म, कर्म व व्यवहार के मूल सिद्धांतों को गीता में सहज रूप से समझाया है। उन्होंने ज्ञान की महिमा का वर्णन किया।

### गीता में हर समस्या का समाधान : सुदामा शास्त्री

विद्वान सुदामा शास्त्री ने कर्म, विकर्म और अकर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि गीता मनुष्य को कर्म करने के लिए प्रेरित करती है, फल की इच्छा का त्याग करना ही सच्चा कर्मयोग है। उन्होंने कहा कि गीता का अध्ययन मन को स्थिर करता है।

### गीता, गंगा और गायत्री कलयुग के मुक्तिदाता : कसाना

सेमिनार को संबोधित करते हुए पूर्व जिला लोकसंपर्क अधिकारी आत्माराम कसाना ने कहा कि कलयुग में गीता, गंगा और गायत्री मंत्र मानव मुक्ति के सर्वोत्तम साधन हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता किसी एक धर्म, संप्रदाय का नहीं है।

### धर्म, नीति और कर्तव्य का सार : राजेश शास्त्री

सेमिनार में राजेश शास्त्री ने गीता को धर्म, नीति, साहस और कर्तव्य का पूर्ण समन्वय बताने वाला दिव्य ग्रंथ बताया। उन्होंने कहा कि गीता का संदेश केवल युद्धभूमि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन की हर परिस्थिति में मार्गदर्शन देता है।

### नगर में शोभायात्रा आज

**फतेहाबाद।** पंचायत भवन परिसर में आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय गीता महोत्सव के तीसरे दिन 1 दिसंबर को सुबहकालीन सत्र में सिरसा लोकसभा क्षेत्र की पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे जबकि भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे। साथ ही वे नगर शोभा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसी प्रकार से दोपहर बाद के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पारितोषिक वितरण समारोह में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती मुख्य अतिथि होंगे। गीता महोत्सव के अंतिम दिन सोमवार को शहर में शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा को पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल पंचायत भवन से झंडी दिखाकर रवाना करेंगी। शोभा यात्रा का विभिन्न जगहों पर सामाजिक-धार्मिक संगठनों द्वारा स्वागत किया जाएगा। शोभा यात्रा पंचायत भवन परिसर से शुरू होगी। इसके उपरांत यह यात्रा जाट धर्मशाला से होते हुए दुर्गा मंदिर, जीटी रोड, लाल बत्ती चौक, अग्रेसन चौक/फव्वारा चौक, थाना रोड, जवाहर चौक, रविदास चौक, खेमा खाती रोड, डीएसपी रोड से होते हुए वापिस पंचायत भवन पहुंचेगी।

## स्वरोजगार के प्रति किया जागरूक

- जीवम फाउंडेशन ने ख्योंवाल में महिलाओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

जीवम फाउंडेशन द्वारा ख्योंवाली में तीन दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार के दौरान ग्रामीण महिलाओं को खाद्य प्रसंस्करण, पैकेजिंग, गुणवत्ता नियंत्रण, स्व-रोजगार एवं उद्यमिता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तारपूर्वक प्रदान की गई। कार्यक्रम में जीवम फाउंडेशन के स्टाफ सदस्यों का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा, जिन्होंने पूरी निष्ठा के साथ आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।कार्यक्रम का संचालन उर्मिला द्वारा किया गया जिन्होंने अपने उत्कृष्ट समन्वय और समर्पण से पूरे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। समापन समारोह में प्रतिभागी महिलाओं को प्रमाणपत्र एवं प्रशस्ति पत्र अधिकारी गण एवं जीवम फाउंडेशन की संचालिका किरण गोदारा द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर किरण गोदारा ने कहा कि वह जल्द ही संबंधित अधिकारियों से मिलकर गांव की महिलाओं के लिए लघु उद्योग शुरू करने का प्रयास करेंगी, जिससे नारी सशक्तिकरण को और अधिक बढ़ावा मिल सके। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सभी प्रतिभागी महिलाएं अत्यंत प्रसन्न दिखाई दीं और उन्होंने अधिकारियों तथा जीवम फाउंडेशन की संचालिका का धन्यवाद किया।



**ओढां।** जीवम फाउंडेशन ख्योंवाली में आयोजित सेमिनार में प्रतिभागी महिलाएं।

## डॉ. साहिब सिंह को मिला छत्रपति सम्मान

- साहित्यिक संस्था संवाद का सम्मान समरोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पत्रकार छत्रपति की स्मृति में सिरसा के पंचायत भवन में रविवार को साहित्यिक संस्था संवाद की ओर से छात्रपति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रख्यात पंजाबी लोक-रंगकर्मी डॉ. साहिब सिंह को छत्रपति सम्मान-2025 से नवाजा गया। इस मौके पर डॉ. साहिब सिंह ने कहा कि पत्रकार छत्रपति के नाम पर मिले सम्मान से वे भावविभोर ही नहीं बल्कि अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति और प्रतिबद्धता के लिए प्रेरित हुए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में छत्रपति सम्मान की प्राप्ति व्यक्ति में जिंदा होने का एहसास उत्पन्न करती है। डॉ. साहिब सिंह ने कहा कि वे लोगों में जाकर उनकी भाषा में नाटक करते हैं। यह सम्मान मिलने से उनकी जिम्मेदारी और बढ़ गई है तथा वे ताउम्र लोगों के लिए नाटक करते रहेंगे।

मुख्य वक्ता के तौर पर नायकों की तलाश में भटकता वर्तमान विषय पर डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि वर्तमान दौर में नायक को पैदा करने के लिए समाज में बहुत बड़े संकट का नैरेटिव बनाया जाता है फिर समाज लगता है कि संकट सचमुच बहुत बड़ा है। उसके संकट को दूर करने के नाम पर किसी व्यक्ति को हीरो को पेश करके नायक बना दिया जाता है। फिर नायक को प्रचार द्वारा बहुत बड़ा बना दिया जाता है ताकि लोगों को लगे कि नायक का कोई विकल्प नहीं है। नायक पूजा के चलते जनता फिर नागरिक नहीं रह जाती बल्कि फॉलोअर या फैन बन जाती है तथा ऐसे समय में असहमति की आवाजों को पूरी तरह दबा दिया जाता है तथा जनता के जीवन से जुड़े मुद्दे हाशिए पर धकेल दिए जाते हैं।




**सिरसा।** पंजाबी लोक-रंगकर्मी डॉ. साहिब सिंह को

### विचारों को आगे बढ़ा रहे : अंशुल

रामचंद्र छत्रपति के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं घटित इस पूरे प्रकरण से अवगत करवाते हुए अंशुल छत्रपति ने कहा कि छत्रपति आज भी जिंदा है तथा उनके विचार को आगे बढ़ाने के लिए ही यह कार्यक्रम किए जाते हैं तथा इन विचारों को समाज में लेकर जाने की जरूरत है।

## किसानों से वादाखिलाफी कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भारतीय किसान एकता के प्रधान लखविंद्र सिंह ने कहा कि सरकार किसानों के साथ बार-बार वायदाखिलाफी कर रही है, जिससे किसान परेशान हैं। किसान नेता लखविंद्र सिंह ने रविवार को सिरसा जिले के कई गांवों का दौरा किया और आगामी दो दिसम्बर को जिला मुख्यालय पर किए जाने वाले धरना-प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की।

किसान नेता ने कहा कि खरीफ -2024 में सिरसा जिले के 25 गांवों का बकाया बीमा क्लेम, खरीफ -2020 का बकाया मुआवजा, खरीफ -2023 का बीमा प्रीमियम वापसी का समाधान, नहरी पानी, मंडियों में किसानों की लूट व किसानों की अन्य मांगों को लेकर भारतीय किसान एकता द्वारा दो दिसंबर को उपायुक्त कार्यालय सिरसा में प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसानों की मांगों, जिनमें पिछले दिनों भारी बरसात, जल भराव, हिसार घग्गर ड्रेन से हुई तबाही के का मुआवजा व बीमा क्लेम जारी किया जाए, मंडियों में किसानों के साथ हो रही लूट को बंद किया जाए, कालांवाली की फग्गू अनाज मंडी में किसानों के साथ धान खरीद में हुई धोखाधड़ी की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए, मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल में गलत तरीके से पंजीकरण करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया जाए। इसके अलावा बाजरे की भावांतर योजना के तहत किसानों के साथ खरीद में हुई लूट जांच की जाए, सीसीआई द्वारा नरमे की खरीद में अनावश्यक पोर्टल हटाकर सीधी खरीद चालू की जाए। इसके अलावा नहरी पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जाए, बार-बार सफाई के नाम पर बंदी नहीं होनी चाहिए, किसानों के ट्रैक्टर पर बढ़ी हुई रजिस्ट्रेशन फीस वापस ली जाए। कृषि मंत्रीव हरियाणा सरकार बार-बार बयान दे रहे हैं कि यूरिया व डीएपी के साथ टैगिंग नहीं होगी।



**सिरसा।** गांवों का दौरा कर किसानों को धरना-प्रदर्शन में शामिल होने का न्यौता।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर बीकेई से सरबजीत कंबोज, हरियाणा किसान एकता से खुशदीप सिंह हैबुआना, गुरमेल सिंह, सुरजीत सिंह, राजविंदर सिंह, राजवंत सिंह, गुरनाम सिंह, बलवंत सिंह, अनिल कुमार, सोहन सिंह, राम सिंह, काका सिंह, ओंकार सिंह, हरबंस सिंह, गुरमीत सिंह, राजवीर सिंह, राम रखा सिंह, बलविंदर सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

## दौड़, लंबी कूद और बैडमिंटन में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना।

### सनशाइन स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

विद्यालय की प्राचार्य कविता नैन ने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि अनुशासन, एकता, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा।

सनशाइन सीनियर सेकेंडरी स्कूल भूना में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। खेल महोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, टीमवर्क और अनुशासन के गुणों को विकसित करना रहा।

दो दिनों तक विद्यालय प्रांगण में उत्सव जैसा वातावरण देखने को मिला, जहां विद्यार्थियों ने जोश और जुनून के साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान हाउस-वाइस और क्लास-वाइस गेम्स का विशेष आयोजन किया गया। इस खेलकूद महोत्सव में दौड़, लंबी कूद, थ्रो बॉल, बैडमिंटन सहित अन्य प्रतिस्पर्धाओं में खिलाडिय़ों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खेल मैदान पर बच्चों की तैयारी और जीत का जज्बा देखने लायक रहा। दर्शकों में भी उत्साह चरम पर रहा और अभिभावकों ने तालियों की गडग़ड़ाहट से खिलाडिय़ों का मनोबल बढ़ाया।

दो दिनों तक चली रोमांचक स्पर्धाओं में येलो हाउस ने सर्वोच्च अंक लेकर चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, जबकि अन्य हाउसों ने भी दमदार प्रदर्शन कर खेल संस्कृति को नई दिशा दी। विजेता टीम के खिलाडिय़ों का उत्साह देखते ही बनता था। समापन समारोह में स्कूल प्रबंधन द्वारा विजेता खिलाडिय़ों को सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रबंध निदेशक राजेश नेहरा, प्रेम सिंह नैन और रामलाल खेदड़ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

## स्वस्थ तन, सुंदर मन, जागृत आत्मा ही योग की उत्तम परिभाषा: स्वामी विज्ञानानंद

- दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान में योग साधना कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से अपने स्वास्थ्य जाग्रति कार्यक्रम आरोग्य प्रकल्प के सबके सुस्वास्थ्य की मंगल कामना के उद्देश्य से साहुवाला स्थित अपने स्थानीय आश्रम में दो दिवसीय विलक्षण योग एवं ध्यान साधना शिविर आयोजित किया गया। प्रथम दिवस संस्थान की ओर से योगाचार्य स्वामी विज्ञानानंद ने बताया कि बढ़ते हुए शहरीकरण, प्रदूषण, अनियमित आहार विहार और औद्योगिकीकरण से जहां वृक्ष कटाव से प्राकृतिक असंतुलन की स्थिति पैदा हुई है, वहीं प्रदूषित वायु में सांस लेना भी दूभर हो चुका है, जिससे हृदय से संबंधित रोगों के साथ साथ मधुमेह, टीबी, कैंसर, डेंगू, चिकनगुनिया व विविध विषम ज्वरों में अभिवृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विज्ञान का सहारा लेकर आधुनिक चिकित्सा पद्धति ने जहां चरमोत्कर्ष को प्राप्त किया है, वहीं अभी बहुत सी ऐसी बीमारियां हैं, जिनका समाधान आधुनिक चिकित्सा प्रणाली में तो नहीं, परंतु भारतीय वैदिक योग दर्शन में है। योग एक प्राचीन भारतीय योग पद्धति है, जो शरीर मन और आत्मा के बीच संतुलन बनाने पर केंद्रित है। यह योग पद्धति विभिन्न आसनों, प्राणायामों और ध्यान के अभ्यास के माध्यम से स्वस्थ बनाता है।



**सिरसा।** सत्संग के दौरान योग साधना करते हुए श्रद्धालुजन। फोटो : हरिभूमि

**जागरूकता** — अनाज मंडी में श्रमिकों को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलवाया

# नशा मुक्ति टीम ने डांगरा व टोहाना में चलाया अभियान, 20 ड्रग पीड़ितों की करवाई काउंसलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ऑपरेशन जीवन ज्योति अभियान के तहत जिला पुलिस द्वारा नशामुक्ति को लेकर लगातार जन-जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद ने आज गांव डांगरा व टोहाना क्षेत्र में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। एसआई सुंदर ने बताया कि टीम ने सबसे पहले गांव डांगरा में गली-चौराहों पर मिले लोगों से संवाद स्थापित किया। लोगों को यह भी समझाया गया कि नशा व्यक्ति के परिवार, रोजगार और स्वास्थ्य सभी को बुरी तरह प्रभावित करता है, इसलिए समाज को मिलकर इसके विरुद्ध खड़ा होना आवश्यक है। इसके बाद नशामुक्ति टीम ने टोहाना में जागरूकता अभियान चलाया। अनाज मंडी में मजदूरों के बीच छोटी-छोटी नुक्कड़ सभाएं आयोजित की गई, जिनमें नशे के बचाव, उपचार विकल्पों और जीवन में सकारात्मक बदलावों के बारे में बताया गया। टीम ने श्रमिकों से उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। अभियानों के दौरान लोगों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान करते हुए सही जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के दौरान टीम ने मंडी क्षेत्र से 9 नए ड्रग पीड़ितों की पहचान की, जिन्हें मौके पर ही काउंसलिंग प्रदान की गई। साथ ही 11 पूर्व चिन्हित पीड़ितों का फीडबैक लेकर उनकी काउंसलिंग की गई तथा उपचार प्रक्रिया के तहत सभी को आयुर्वेदिक औषधि दी गई, ताकि वे नशे से बाहर आने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ सकें। अंत में टीम सदस्यों ने कहा कि नशा मुक्ति के इन प्रयासों का उद्देश्य पीड़ितों को नशे की चपेट से सुरक्षित बाहर निकालना और उन्हें एक स्वस्थ, सम्मानजनक व नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना है।



**टोहाना।** अनाज मण्डी में मजदूरों को जागरूक करती टीम।

### प्रेरित किया

ग्रामीणों, युवाओं तथा राहगीरों को नशे से होने वाले मानसिक, शारीरिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए नशा छोडऩे और दूसरों को रोकने हेतु प्रेरित किया गया।